विद्यार्थियों को मिलेगा अब नया टीचिंग ब्लॉक

भरतपुर (निस)। महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विगत वर्षों से अध्ययन कक्षों की चली आ रही समस्याएँ अब शीघ्र दूर होगी। अभी हाल राज्य सरकार ने प्रदेश में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के विस्तार के लिए विभिन्न शिक्षण संस्थानों की स्थापना व क्रमोन्यन, नवीन संकाय, नवीन विषय व निर्माण संबंधी कार्य के लिए राजस्थान सरकार ने नवीन बजट आवंटित किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ हरबीर सिंह ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए बताया कि विद्यार्थियों की बहुत बड़ी समस्या का समाधान मुख्यमंत्री ने नवीन अध्ययन ब्लॉक, ऑडिटोरियम का निर्माण एवं अन्य कार्यों को पूरा करने हेतु महाविद्यालय के लिए बजट आवंटित किया है। उन्होंने बताया कि मुख्य टीचिंग ब्लॉक लगभग जीर्ण-शीर्ण हो चुका है। इसकी अनेक बार यूआईटी द्वारा भी मरम्मत कराई जा चुकी है लेकिन इसका स्थाई समाधान पूरी तरह नहीं निकल सका है। यह इमारत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए हमेशा खतरे की घंटी बना हुआ है। उन्होंने बताया कि कमरों में कई बार छत का मलवा भी गिर चुका है लेकिन बहुत बड़ी दुर्घटना से अब तक बच गए हैं। इस हेतु विद्यार्थियों का अनेक बार जन आंदोलन भी हो चुका है और उन्होंने इसका समाधान तुरंत करने के लिए संघर्ष भी किया है।

दिल्ली से आई भाजपा राष्ट्रीय मंत्री ने बजट का गुणगान किया

अलका गुर्जर ने करौली पहुंचकर प्रेस वार्ता को संबोधित किया

करौली । भारतीय जनता पार्टी की रष्ट्रीय मंत्री दिल्ली की सह प्रभारी अलका गुर्जर ने करौली पहुंचकर प्रेस वार्ता को संबोधित किया। वही प्रबुद्धजनों से रूबरू हुई।

भाजपा जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालौत्री ने बताया कि राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने केंद्रीय एवं राजस्थान के बजट के बारे में चर्चा कि वही भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ने करौली जिले कि बजट में की गई घोषणाओं के बारे में विस्तार से चर्चा कि प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह ने कहा कि करौली जिले में अधिकारियों के साथ बैठकर करौली जिले की समस्याओं का समाधान किया जाएगा नगर परिषदों एवं नगर पालिकाओं में बैठकर जन समस्याओं, साफ-सफाई,लाइट,सड़कों की हालातो मे सुधार कराए जाएंगे। करौली जिले में पहले जैसा हाल नहीं होगा ज्यादा से ज्यादा सुधार के प्रयास किए जाएंगे। स्वच्छ करौली जिला साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाएगा,कैलादेवी के मेले में आने वाले दर्शनार्थियों के लिए भाजपा जिला संगठन की ओर से जगह-जगह पर पानी की प्याऊ लगाई जाएगी,जिला अध्यक्ष ने कहा

■ **'करौली जिले की समस्याओं का समाधान किया जाएगा'**

कि हम सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक सिंह धावाई,पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा,भोरू सिंह जादौन,हरि सिंह,धीरेंद्र बैंसला, मुकेश सालौत्री उपस्थित रहे। इसके अलावा करौली 'ांव अ'ोका गार्डन मे प्रबुद्धजन सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मंत्री दिल्ली प्रभारी अलका गुर्जर रही कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह के द्वारा की गई। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी प्रबुद्ध जनों का राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्र प्रथम, अंत्योदय योजना के बारे में बतलाया एवं कहां की भाजपा गरीबों ध्यान केंद्रित कर गरीबों के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करती है। भाजपा चार वर्गों का विशेष ध्यान रखती है ज्ञान - गरीब -अन्नदाता- नारी भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिला अध्यक्ष बनने से कोई छोटा बड़ा नहीं हो जाता , पार्टी में कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी पहचान है।

पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र मीणा ने भी अपने उद्बोधन में भाजपा पदाधिकारी को संबोधित किया। इसके बाद सभी ने एक साथ मिलकर टोडाभीम मंडल अध्यक्ष श्रीमती रवीना मीणा कि सास, करौली शहर मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष परसोत्तम सारस्वत के निधन होने पर सभी पदाधिकारी ने 2 मिनट का मौन धारण किया।

इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव,पूर्व विधायक रमेश चंद मीणा,भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन,तेजेन्द्र सिंह जादौन, पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव,इंदू देवी,पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश राजोरिया, जिला महामंत्री हरि सिंह बैरवा, गजेंद्र सिंह जादौन,धीरेंद्र सिंह बैंसला,सुरेश शुक्ला,के के मित्तल,मुकेश सालौत्री,आशुतोष तिवारी,अमर सिंह राजपूत, नमो नारायण मीणा, धर्मेंद्र सिंह गुड़ा, भीम सिंह राजपूत सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लोक अदालत का किया प्रचार-प्रसार

करौली । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के एक्शन प्लान 2024-25 के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली की सचिव ममता चैधरी के निर्देशानुसार मोबाईल वैन के माध्यम से शनिवार को श्री महावीरजी क्षेत्र के विभिन्न ठाामों में विधिक सेवा गतिविधियों एवं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया गया।

इस दौरान श्री महावीरजी बस स्टैंड, बनवारीपुर मोड़, शांतिवीर नगर,दानालकोट, सूरजपुर, कांदरोली,हिंगोट,पटोंदा आदि गांवों में तालुका विधिक सेवा समिति श्री महावीरजी से जीतेंद्र वर्मा द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निस्तारण करवाने की प्रक्रिया के बारे में समझाया गया तथा लोक अदालत में अपने प्रकरणों के निस्तारण से होने वाले फायदों के बारे में समझाते हुए अपने प्रकरणों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण करवाने कि अपील कि गई। साथ ही लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, नि:शुल्क विधिक सहायता व राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जल कलयाणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर विधिक सेवा गतिविधियों के पम्पलेट वितरित किये गये।

धार्मिक मेलों में 5 आरोपियों को किया गिरफतार

भरतपुर (निस)। महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश के सुपरविजन व पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश कुमार यादव व वृत्ताधिकारी वृत शहर भरतपुर पंकज यादव के निकटतम पर्यवेक्षण मे पुलिस थाना कोतवाली, भरतपुर द्वारा वागेश्वर धाम व अन्य प्रसिद्ध धार्मिक मेलों व उत्सवों से सोने-चांदी के जेवरात व आभूषण चुराने वाले शातिर अन्तर्राज्जीय गिरोह का पर्दाफाश कर 3 महिला व 02 पुरूषों सहित कुल 5 आरोपियों को गिरफतार किया गया गया है। पुलिस थाना कोतवाली, भरतपुर द्वारा गिरफतारशुदा आरोपी गिरोह से जेवरात व आभूषणों को बेचकर प्राप्त किये गये 10 लाख रूपये की नकदी व चोरी किये गये सोने-चांदी के जेवरात व गहने किये बरामद किये गये हैं तथा अपराध में प्रयुक्त किया जाने वाला लग्जरी वाहन टोयोटा आरजे 14 यूके 6231 को जप्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक महोदय मृदुल कच्छावा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश कुमार यादव के निकटतम सुपरवीजन में वृत्ताधिकारी वृत शहर भरतपुर पंकज यादव व थानाधिकारी विनोद कुमार को आसूचना मिल रही थी कि कुछ बावरिया गिरोह द्वारा धार्मिक स्थलो एवं मेलो में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है जिस पर पुलिस थाना कोतवाली द्वारा सतत निगरानी रखने पर शनिवार को आसूचना मिली कि बावरिया जाति की कुछ औरतें राजस्थान व सीमावर्ती प्रान्त उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश में प्रसिद्ध धार्मिकस्थलो, मेलो एवं भीड भाड वाले स्थानो से महिला द्वारा पहने सोने-चांदी के गहनों व आभूषणों विषेष तौर पर चौन, मंगलसूत्र व हार को चोरी कर लेती हैं और हाल ही मे इन महिलाओ द्वारा मध्यप्रदेश के वागेष्वर धाम से काफी तादाद मे सोने की चौन, मंगलसूत्र हार इत्यादि चुराकर लाये हैं। उन चोरी के जेवरात व आभूषणो को विक्की गुप्ता निवासी सहयोग नगर व अन्य को बेचकर प्राप्त राशि का आपस मे बंटवारा कर रहे है। किसी गंभीर अपराध के घटित होने की आशंका एवं इस सूचना पर पुलिस थाना कोतवाली से विजयपाल एएसआई द्वारा मय टीम के दीपा पेट्रोल पम्प के पास झाडियो पहुंच कर कार्यवाही कर 3 महिला व 2 पुरूषों सहित कुल 5 आरोपियों को गिरफतार कर, उनके कब्जे से 10 लाख रूपये नगदी व सोने चांदी के आभूषण बरामद किये जाकर थाना कोतवाली भरतपुर पर मामला दर्ज कर पूछताछ की गई तो आरोपियों द्वारा चोरी के जेवरात व आभूषणो को विक्की गुप्ता निवासी सहयोग नगर भरतपुर को बेचकर राशि प्राप्त करना बताया है जिस पर आरोपी विक्की गुप्ता को शीघ्र ही तलाश कर गिरफतार किया जावेगा। आरोपियों से गहन पूछताछ व अनुसंधान जारी है। बावरिया गैंग की महिला सदस्य मप्र, राजस्थान, यूपी मे धार्मिक स्थलो, सभाओ, मेलो व जुलूसो मे भीड भाड वाले स्थानो मे जाकर वहां पर महिलाओ के गले से सोने की चौन, मंगलसूत्र, हार वगैराह की चोरी कर लेती है तथा उनकी पुरूष गैग इनका सहयोग करती है। इसके बाद उन चोरी के आभूषणो को ये सभी बेच देते है और उस राशि को आपस मे बांट कर मोटी रकम प्राप्त करते हैं। पुलिस ने सुनीता, रेखा, कृष्णा, दीपक व प्रमोद को गिरफ्तार किया गया है।

घने कोहरे से ढका शहर

गंगापुर सिटी । शनिवार को मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। शनिवार की सुबह घने कोहरे की चादर ने शहर को ढक लिया। विजिबिलिटी 30 मीटर तक सीमित रहने से वाहन ड्राइवरों को हेडलाइट्स का सहारा लेना पडा। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की चेतावनी दी है। इससे बारिश और ओलावृष्टि की संभावना बन रही है। पिछले 4-5 दिन से मौसम साफ था और धूप खिलने से लोगों को सर्दी से राहत मिली थी। शुक्रवार से मौसम में बदलाव की शुरुआत हुई। पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे। शनिवार सुबह घना कोहरा छा गया। सर्द हवाओं ने एक बार फिर सर्दी का एहसास कराया। मौसम के अचानक बदलाव से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। वर्तमान में सरसों की कटाई चल रही।

करौली कोहरे में लिपटा

करौली । करौली में मार्च माह का पहला दिन घने कोहरे कि चादर में लिपटा रहा। जिला मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में कोहरे ने दृश्यता को प्रभावित किया। तापमान में गिरावट से लोगों को ठिठुरन महसूस हुई।

करौली मे सड़कों पर वाहन चालको को विशेष सावधानी बरतनी पड़ी। कई वाहन चालक हैडलाईट जलाकर धीमी गति से वाहन चलाते नजर आए। शनिवार कि प्रात: स्कूली बच्चों और आम लोगों को कोहरे के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। दिन चढ़ने के साथ धूप निकलने से कोहरा छंटा। शुक्रवार को पूरे दिन बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट आई थी। शनिवार को साफ आसमान के बावजूद ठंडी हवाओं ने ठंड का एहसास कराया। पिछले कुछ दिनों से तेज धूप के कारण हल्की गर्मी महसूस हो रही थी लेकिन मौसम में अचानक आए बदलाव ने ठंड को वापस ला दिया है।

सांवरिया म्हारी अरज सुनो गिरधारी' भजन ने भक्ति रंग जमाया

भरतपुर (निस)। नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में रघु सिमरन कार्यक्रम में कलाकार चेतन जाजोटर ने भजनों की रस गंगा से आनंदित किया। नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार गिरधर ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत थारो जन्म मरण रो से की।

इसके बाद उन्होंने भजन 'मत बांधो गठरिया अपजस् की, अपजस् की रे पराए बस की,मात पिता से मुख से न बोले, तिरिया से बात करें रस की' को बड़े ही सरीले अंदाज में सुना कर सभी को मंत्र मुग्ध किया। उसके बाद उन्होंने सुप्रसिद्ध भजन 'महारा जूना जोशी राम जी मिलन कब होसी' और 'सांवरिया म्हारी अरज सुनो गिरधारी भजन को बड़े ही मनोयोग

■ **कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, प्रकाश एवं कैमरा मनोज स्वामी, संगीत विनोद सागर गढवाल ने किया**

से गाकर अपनी गायिकी का परिचय दिया। इनके साथ सिंथेसाइजर पर नितिन जाजोटर और ढोलक पर मनीष गोलेछा ने संगत कर भजन संध्या को ऊंचाइयां दी। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, प्रकाश एवं कैमरा मनोज स्वामी, संगीत विनोद सागर गढवाल ने किया। मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू एवं जीवितेश शर्मा की रही।

पटका पहनाकर किया सम्मान : नेमीचंद मुद्गल पूर्व उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग के निवास पर उनके सर्व शक्ति मित्र मंडल फाउंडेशन का जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर कैला देवी विकास संस्थान झील का वाडा के महा मंत्री बृजकिशोर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक , राजेश शर्मा महुआ, राधाकृष्ण गामरी ने माला पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया। साथ ही अपेक्षा की कि आप सर्व शक्ति मित्र मंडल फाउंडेशन की गतिविधियों को सर्व समाज में प्रचारित करें एवं समाज व्याप्त जातिवाद को समतावाद में बदलने का प्रयास करें जिससे सभी मिलकर भ्रातृत्व से रहें। तभी समाज का कल्याण होगा।

समिति ने की शादी के लिए मदद

करौली । करौली कि नई सब्जीमंडी के पीछे संचालित भोजन शाला समिति कि ओर से एक गरीब परिवार कि बालिका कि शादी के लिए आर्थिक सहायता व खाद्ध सामठी भेंट कि।

भोजन शाला समिति के अध्यक्ष बाला साहेब ने बताया कि गम्भीर बीमारी से पीड़ित महमदपुर गॉव निवासी विजय सिंह माली कि पुत्री सपना के ब्याह समारोह में माँ अन्नपूर्णा नि:शुल्क भोजनशाला समिति द्वारा 5100 रुपए नगद,खाने की व्यवस्था के लिए मिठाई,आटा,तेल, सब्जी, गैस सिलेंडर,दोना पत्तल उपलब्ध कराए। इस अवसर पर भोजनशाला समिति के डॉ प्रकाश व्यास,टीकाराम मीणा गैस वाले,वेद प्रताप सिंह उर्फ लालाजी, सुनील पंसारी बीड़ी वाले,सुनील गुप्ता टैक्समो मोटर वाले, रिद्धिचंद बंसल आदि कि ओर से सामठी उपलब्ध कराई गई।

अनुराधा शर्मा का सम्मान किया

■ **बजरंग दल के लखन शर्मा .ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी मनीष तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि अमित गौरावार, युवा नेता सागर चतुर्वेदी, अरुण पाठक, हरविंदर शर्मा सोनू आदि युवा उपस्थित रहे।**

भरतपुर (निस)। बजरंग दल के अमित चौधरी के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों के युवा वर्ग ने पत्रकार पुनीत उपाध्याय व पूर्व बाल कल्याण समिति की सदस्य अनुराधा शर्मा का सामाजिक कार्यो में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए माला पटका व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बजरंग दल के लखन शर्मा .ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी मनीष तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि अमित गौरावार, युवा नेता सागर चतुर्वेदी, अरुण पाठक, हरविंदर शर्मा सोनू आदि युवा उपस्थित रहे। इस अवसर पर मनीष तिवारी ने कहा कि पुनीत उपाध्याय व अनुराधा शर्मा बहुत ही सहज सरल व्यक्तित्व के धनी है व अनवरत रूप से समाजसेवा में अपना योगदान देते रहते है। पार्षद प्रतिनिधि अमित गौरावार ने कहा कि पुनीत व अनुराधा शर्मा को बहुत बहुत बधाई व शुभकामनाएं वो इसी प्रकार समाज सेवा करते रहे। लखन शर्मा ने कहा कि पुनीत उपाध्याय व अनुराधा शर्मा इसी प्रकार समाजसेवा करते रहे व हम सभी को मार्गदर्शन देते रहे।

विधायक का स्वागत सम्मान

करौली । करनपुर घाटी पुनरुद्धार के लिए पूरक बजट में 50 करोड़ रुपए कि घोषणा कराने पर सपोटरा विधायक हंसराज मीना का गॉव बालोंती में करनपुर क्षेत्र के लोगों ने माला साफा पहनाकर स्वागत किया। दक्ष प्रजापति विकास संस्थान करौली के सचिव गंगाराम प्रजापत ने बताया कि करनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनिवास मीना,केशव मीना पूर्व सरपंच,सुरेश मीना किसान मोर्चा अध्यक्ष,राम लखन मीना डायरेक्टर आदि ने विधायक हंसराज मीना को माला साफा पहनाकर स्वागत किया विधायक हंसराज मीना को मिठाई खिलाकर आभार जताया बैंगलोर के उद्योगपति माखन लाल शर्मा ने विधायक को करनपुर घाटी निर्माण को बजट मंजूरी पर दूरभाष पर बधाई दी एवं आशा जताई कि इससे डांग क्षेत्र में सड़क मार्ग सुगम होगा तथा क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

बाइक सवार दो युवक घायल, एक की मौत

गंगापुर सिटी । करौली सडक मार्ग पर बायपास डेयरी के पास शुक्रवार रात को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक छात्र की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया। दोनों छात्र सलेमपुर के पास ही एक निजी छात्रावास और स्कूल में पढते थे और छात्रावास के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के लिए केक और अन्य सामान लेने के लिए बाइक से गंगापुर सिटी आ रहे थे। कोतवाली थाना के एएसआई रामराज ने बताया कि करौली जिले के कुडगांव थाना क्षेत्र के बाढ सलेमपुर निवासी भोलू उर्फ कृष्णा शर्मा पुत्र वेद प्रकाश शर्मा और बामनवास एवं हाल निवासी तमौलीपुरा दीपक बैरवा पुत्र रूप सिंह दोनों बाइक से बाढ सलेमपुर से गंगापुर की ओर आ

■ **दोनों छात्र सलेमपुर के पास ही एक निजी छात्रावास और स्कूल में पढते थे और छात्रावास के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के लिए**

रहे थे। इस दौरान गंगापुर सिटी के पास ही बायपास पर डेयरी के नजदीक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड जमा हो गई। बाद में एंबुलेंस से दोनों को सालौदा के पास निजी अस्पताल लेकर गए, जहां भोलू उर्फ कृष्णा शर्मा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे गंभीर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया गया। बाद में मृतक को जिला हॉस्पिटल लाया गया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी में रखवाया। दूसरे दिन मृतक भोलू उर्फ कृष्णा शर्मा के शव का पोस्टमॉर्टम करा कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाली थाना के एएसआई रामराज ने बताया कि दोनों सलेमपुर के पास ही एक निजी छात्रावास और स्कूल में पढते थे और दोनों छात्रावास के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के लिए केक और अन्य सामान लेने के लिए बाइक से गंगापुर आ रहे थे। मृतक कृष्णा शर्मा 12वीं में पढ रहा था, जबकि दीपक बैरवा दसवीं में अध्यनरत है। उन्होंने बताया कि दीपक के पिता का देहांत हो चुका है और दीपक यहां अपने ननिहाल तमौलीपुरा में नानी मामा के रह रहा है।

इग्नू के प्रवेश की अंतिम तिथि 15

करौली । इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू नई दिल्ली के जनवरी सत्र 2025 के प्रवेश की अन्तिम तिथि बढ़ाई गई हैं। राजकीय महाविद्यालय करौली में स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र 23132 के समन्वयक प्रोफेसर रविन्द्र कुमार मीना ने बताया कि इग्नू के जनवरी सत्र के सभी पाठ्यक्रमों में नवीन प्रवेश एवं रिरजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि बढकर 15 मार्च हो गई हैं। अत: विद्यार्थी शीघ्र आवेदन का लाभान्वित हों। करौली में संचालित इग्नू अध्ययन केन्द्र 23132 पर जनवरी सत्र से डिप्लोमा इन अर्ली चाइल्डहुड एज्यूकेशन डी.ई.सी.ई. भी प्रारम्भ हो गया है। इग्नू अध्ययन केन्द्र पर बी.ए., बी.कॉम, एम.ए. राजनीति विज्ञान, ठाामीण विकास, गांधी एवं शांति अध्ययन सहित विभिन्न प्रकार के सर्टिफिकेटए डिप्लोमा एवं पी जी डिप्लोमाए पुस्तकालय विज्ञान व सूचना में सर्टिफिकेट सी.एल.आई.एस. इत्यादि पाठ्यक्रम संचालित है।

वस्त्र व्यापार संघ ने किया नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष स्वागत

गंगापुर सिटी । हाल ही भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा संगठनात्मक नियुक्तियों में संगठन सदस्यता पर्व 2024 के अंतर्गत एवं नवनिर्वाचित जिला सवाईमाधोपुर जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर का व्यापार मण्डल एवं वस्त्र व्यापार संघ के समस्त व्यापारियों द्वारा बाईपास स्थित उनके निवास स्थान पर पहुंचकर माला एवं साफा पहनकर स्वागत अभिनंदन किया।

इस अवसर पर गंगापुर सिटी नगर परिषद के पूर्व उपसभापति दीपक सिंहल सहित समस्त व्यापारियों द्वारा पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के जिलाध्यक्ष की कमान मिलने के पश्चात आगामी भविष्य में अपनी कार्यशैली एवं अनुभवों के आधार पर प्रदेश सरकार से गंगापुर सिटी के

■ **आगामी भविष्य में संपूर्ण गंगापुर सिटी के चहुंमुखी विकास का जताया विश्वास**

चहूंमुखी विकास के लिए विशेष पैकेज बजट और अन्य विकास कार्यो के लिए विशेष बजट आवंटित कराकर क्षैत्र का विकास कराने की मांग की।

भाजपा विधानसभा मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ने समस्त व्यापारीगणों के द्वारा किए गए सम्मान से अभिभूत होकर आभार व्यक्त करते हुए गंगापुर सिटी के व्यापार से जुडे विकास कार्यों और गंगापुर सिटी के चहुंमुखी विकास के लिए अपनी ओर से सकारात्मक अथक प्रयास करने का विश्वास दिलाया गया।

कार्यक्रम के दौरान व्यापार मंडल के मंत्री विष्णु डांग्याच, पूर्व मंत्री लक्ष्मीनारायण गोयल, रमेश चंद, केदार पीतलया, गोवर्धन गुप्ता, दीनदयाल गुप्ता, पिंटू कैमरा, गिरधारी लाल गुप्ता, गिरिराज गुप्ता, रामावतार डोला, खाद्य पदार्थ व्यापार महासंघ के प्रदेश मंत्री प्रहलाद मीठी, श्यामसुंदर गुप्ता, अमित गुप्ता, प्रशांत सिंघल, विष्णु गोयल, महेश, रेडीमेड कपडा बाजार के अध्यक्ष शंभू दयाल, व्यापार महासंघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार झाम, सुभाष सिंघल, देवेश पितलिया, हरिओम भगत, अरविंद पत्रकार सहित सैकडों व्यापारी उपस्थित रहे।

फरार आरोपी गिरफ्तार

जुरहरा (निस)। स्थानीय थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में 10 माह से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जुरहरा थानाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि शनिवार को रीको इण्डस्ट्रीयल एरिया सोनोखर से करीब 10 माह से हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी सहरून पुत्र समसू जाति मेव निवासी ठाम चानियाखुर्द थाना जुरहरा को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी ने बताया कि 8 मई 2024 को साहुन खां पुत्र मुहर खां जाति मेव निवासी ठाम खेडली काजी थाना जुरहरा ने स्थानीय थाने में अपने साथ व अपने परिवारीजनों के साथ सहरून पुत्र समसू व उसके परिवारीजनों द्वारा एकराय मशविरा कर मारपीट करने व जान से मारने की नीयत से अवैध हथियार से फायर करने व महिलाओं को बेअदब कर देने का मामला दर्ज कराया था जिसमें सहरून द्वारा देशी कट्टे से फायर कर सद्दाम नाम के व्यक्ति को घायल करने का आरोप लगाया गया था।

विदाई समारोह

भरतपुर (निस)। नीमदा गेट स्थित आर्य पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल भरतपुर का कक्षा 12 के बच्चों का विदाई समारोह एक निजी होटल में मनाया गया। विद्यालय व्यवस्थापक कपिल गुप्ता ने बताया कि इस अवसर

■ **कक्षा 12 के बच्चों का विदाई समारोह एक निजी होटल में मनाया गया।**

पर कक्षा 11 के बच्चों ने कक्षा 12 के बच्चों को भावपूर्ण समारोह में विदाई दी। इस अवसर पर बच्चों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस कार्यक्रम में मिस फेयरवैल तनिष्का मेठी एवं मिस्टर फेयरवैल रोहित सिंघल रहे। कक्षा 12 के बच्चों ने अपने सभी अध्यापकों का मूमेन्टो देकर सम्मान किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय संचालक दिनेश शर्मा, अंजलि गुप्ता, सीमा शर्मा, जौली खत्री, योगेश माहेश्वरी, सत्या फौजदार, आशीष अठावाल, अंकुर गुप्ता, रोहित खण्डेलवाल, बाबूलाल एवं विद्यालय के सभी अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में अतिथिगण मौजूद थे। अन्त में कार्यक्रम संयोजक जौली खत्री ने इस कार्यक्रम के लिए सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

भरतपुर में सैनी समाज का सामूहिक विवाह समारोह सम्पन्न

भरतपुर (निस)। सजी हुई ट्रैक्टर ट्रॉलियों में सजे हुए दूल्हे, वैवाहिक गीतों से स्वर लहरियां बिखेरती डीजे की धुन, जगह-जगह स्वागत एवं नाचते गाते युवा एवं युवतियां। यह नजारा था सैनी समाज के सामूहिक विवाह समारोह का। महात्मा ज्योतिबा फुले माली समाज उत्थान समिति भरतपुर द्वारा कुशवाह, शाक्य, मौर्य, यदुवंशी एवं समस्त सैनी समाज का 21 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन शनिवार को आरबीएम हॉस्पीटल के पीछे कम्पनी बाग प्रांगण पर सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह समारोह में 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। समिति द्वारा अब तक 426 जोड़ों का विवाह सम्पन्न करा चुकी है। प्रारंभ में समारोह में मौजूद सभी अतिथियों ने गणेश वन्दना के साथ महात्मा ज्योतिबा फुले की विशाल तस्वीर एवं गणेशजी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया एवं माल्यार्पण कर महात्मा फुले को याद कर महात्मा फुले अमर रहे का जयघोष किया। समारोह में मुख्य अतिथि पार्षद रामेश्वर सैनी, विशेष अतिथियों में हरी चौतन्यपुरी महाराज, रोहितजी महाराज, डा. मेघराज सैनी, अनुभव चन्देल, प्रेमसिंह आर्य, बबीता सैनी, दयाचंद चौधरी, गोपाल सैनी, बुलाकीराम सैनी, जयप्रकाश गोयनका, संजयजी, अभिषेक जैन एडवोकेट, देवीलाल सैनी सहित समाज के विशिष्ठजन उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता फूलमाली सैनी समाज उत्थान समिति के अध्यक्ष जानकी प्रसाद सैनी ने की। समारोह के प्रारंभ में सभी अतिथियों का समिति के पदाधिकारियों ने साफा, पटका पहना कर भव्य स्वागत किया गया। समारोह में विशेष अतिथि कामां के हरि चैतन्यपुरी महाराज ने शांति पाठ से प्रारंभ कर अपने प्रवचन में इक्कीस वर्ष से अनवरत चल रहे सैनी समाज द्वारा इस सामूहिक विवाह समारोह को अनुकरणीय बताया एवं आयोजकों को बधाई दी एवं कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलनों के माध्यम से जहां फिजूलखर्ची को रोका जा सकता है वहीं बाल विवाह जैसी कुप्रथाएं जो आज भी समाज में विद्यमान हैं उन पर भी रोक लगती है। समारोह में दानी श्री श्याम बाबा मन्दिर के महन्त रोहित महाराज भी उपस्थित थे। उन्होंने सभी नवदम्पतियों को बधाई एवं शुभकामना दी एवं उनके खुशहाल जीवन की कामना की। समारोह को मुख्य अतिथि पार्षद रामेश्वर सैनी एवं जयपुर से आये अनुभव चन्देल ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने समाज को आगे बढाने एवं सैनी समाज की बालिकाओं की शिक्षा पर अधिक जोर देने पर बल दिया। इससे पूर्व आरबीएम अस्पताल के पास स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर से सजी हुई ट्रॉली में सभी 11 दूल्हों की वर यात्रा प्रारंभ हुई जहां जगह-जगह स्वागत के पश्चात विवाह स्थल पहुंची। जहां वधू पक्ष के लोगों ने बारात का स्वागत किया। विवाह स्थल पर ही तोरण की रस्म एवं गणेश पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वरमाला के पश्चात सोनू शर्मा के नेतृत्व में अलग-अलग मण्डपों में विधि विधान के साथ पाणिठाहण संस्कार सम्पन्न करवाया गया। सामूहिक विवाह समारोह में महिला श्रृंगार कमेटी की रीमा सैनी, बीना सैनी, सपना सैनी, कमलेश, रानी, सिमरन, पूजा, सुषमा, निधि, शिवानी, कोमल सैनी, अंगूरीदेवी, कविता, उषादेवी, लक्ष्मी एवं सरोज ने सभी 11 नववधुओं के श्रृंगार में योगदान दिया। समारोह का संचालन श्वेता यादव ने किया। अन्त में समिति के अध्यक्ष एडवोकेट रामगोपाल सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह में गौरक्षा दल के सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर रामभजन सैनी, रामबाबू सैनी, डा.रवि सैनी दिलवारिया, पुरूषोत्तम सैनी बन्टू, खुशीराम सैनी, नीरज सैनी, मुरारीलाल, मदनलाल सैनी, बृजेश कुमार सैनी, सोहनलाल सैनी, राजकुमार सैनी, लक्ष्मणसिंह सैनी, हरप्रसाद सैनी, दौलतराम सैनी, गोविन्दा सैनी, सन्नू सैनी, अशोक सैनी, तुलसी सैनी सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं एवं अन्य प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे।

उपहार में ये दी घरेलू सामठा समिति द्वारा सम्मेलन के दौरान उपहार स्वरूप एलईडी टीवी, कूलर, आलमारी, ड्रेसिंग टेबिल, पलंग, चौकी, गद्दा सैट, बर्तन सैट, लहंगा फरिया, तोड़िया, बिछिया, अंगूठी, मंगलसूत्र, सोने की नोज पिन, मिक्सी, श्रृंगारदानी एवं अन्य घरेलू सामठी उपहार स्वरूप दी गई।

26 जोड़ों का विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ

भरतपुर (निस)। बयाना में श्री सैनी समाज सेवा विकास समिति के तत्वाधान में